**दिनांक: 16 जनवरी 2025**

**प्रेस प्रकाशनी**

**सीबीएसई द्वारा 5 राज्यों और 1 संघ राज्य क्षेत्र में औचक निरीक्षण किए गए**

नई दिल्ली, 16 जनवरी 2025 – केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने 18 और 19 दिसंबर 2024 को विभिन्न स्थानों पर 29 विद्यालयों में औचक निरीक्षण किए हैं। ये निरीक्षण 18 दिसंबर को दिल्ली में और 19 दिसंबर को बेंगलुरु (कर्नाटक), पटना (बिहार), बिलासपुर (छत्तीसगढ़), वाराणसी (उत्तर प्रदेश) और अहमदाबाद (गुजरात) में किए गए।

निरीक्षण दलों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों की गहन समीक्षा के बाद यह पाया गया कि अधिकांश स्कूलों ने सीबीएसई संबद्धता उपविधियों (Affiliation Bye-Laws) का उल्लंघन किया है। मुख्यत: निम्न उल्लंघन पाए गए:

- **नामांकन संबंधी अनियमितताएँ:** विद्यालयों में वास्तविक उपस्थिति रिकॉर्ड से अधिक छात्रों के नामांकन किए जाने के उदाहरण, जहाँ "गैर-हाजिर" (Non-attending) छात्रों के नामांकन को बढ़ावा दिया गया।
- **शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे से जुड़ें उल्लंघन:** सीबीएसई द्वारा तय किए गए शैक्षणिक और ढांचागत दिशा-निर्देशों का पालन न किया जाना।

सीबीएसई ने इन उल्लंघनों को गंभीरता से लिया है और सभी 29 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस (Show-Cause Notice) जारी किए हैं। प्रत्येक स्कूल को निरीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति दी गई है और उन्हें 30 दिनों के भीतर इसका उत्तर देने का निर्देश दिया गया है।

सीबीएसई शिक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और बोर्ड नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना जारी रखेगा।

**कारण बताओ नोटिस जारी किए गए विद्यालयों की सूची संदर्भ के लिए इस प्रकार है:**

| क्रम संख्या | निरीक्षण किए गए विद्यालय का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | होप हॉल फाउंडेशन स्कूल, सेक्टर-7, आर.के. पुरम | दिल्ली |
| 2 | जागृति पब्लिक स्कूल, रतिया मार्ग, संगम विहार | दिल्ली |
| 3 | ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, ब्लॉक-4 के सामने, नेहरू नगर | दिल्ली |
| 4 | जे.एन. इंटरनेशनल स्कूल, जगदमा कॉलोनी, गांव आली | दिल्ली |
| 5 | नव ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल, विजय एन्क्लेव, पालम रोड | दिल्ली |
| 6 | एस.डी. मेमोरियल विद्या मंदिर, महावीर एन्क्लेव, द्वारका | दिल्ली |
| 7 | नवयुग कॉन्वेंट स्कूल, सैनिक एन्क्लेव-2, झरोदा | दिल्ली |
| 8 | सी.आर. ओएसिस कॉन्वेंट स्कूल, नजफगढ़ | दिल्ली |
| 9 | न्यू कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, रावता | दिल्ली |
| 10 | सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 10, द्वारका | दिल्ली |
| 11 | दीन बंधु पब्लिक स्कूल | दिल्ली |
| 12 | ब्रह्म शक्ति पब्लिक स्कूल | दिल्ली |
| 13 | इंद्रप्रस्थ कॉन्वेंट स्कूल | दिल्ली |
| 14 | रिचमंड ग्लोबल स्कूल | दिल्ली |
| 15 | ग्लोरियस पब्लिक स्कूल | दिल्ली |
| 16 | आकाश इंटरनेशनल स्कूल | दिल्ली |
| 17 | होली इंटरनेशनल स्कूल | दिल्ली |
| 18 | होली वर्ल्ड स्कूल, अर्जुन पार्क, ईश्वर कॉलोनी, नजफगढ़ | दिल्ली |

| क्रम संख्या | निरीक्षण किए गए विद्यालय का नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| 19 | श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल | बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 20 | नारायण ओलंपियाड स्कूल | बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 21 | राज इंग्लिश स्कूल, शिवपुरवा | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 22 | हैप्पी मॉडल स्कूल, कुरव्हां 323, चित्तूपुर | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 23 | सेंट के.सी. मेमोरियल इंग्लिश स्कूल, नवेडा जलहुपुर | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| 24 | सत्यं इंटरनेशनल, बोरिया गौरीचक | पटना, बिहार |
| 25 | एकलव्य एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स, पलंगा | पटना, बिहार |
| 26 | निर्माण हाई स्कूल, वस्त्रपुर, दशक्रोई | अहमदाबाद, गुजरात |
| 27 | द न्यू ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल, बोपल | अहमदाबाद, गुजरात |
| 28 | मॉडर्न एजुकेशनल एकेडमी | बिलासपुर, छत्तीसगढ़ |
| 29 | इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल | बिलासपुर, छत्तीसगढ़ |

हस्ता/-

**सचिव, सीबीएसई**